## तैलिक समाज प्रखंड कमिटी ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** इचाक तैलिक समाज प्रखंड कमिटी का प्रतिनिधि मंडल सांसद प्रतिनिधि महेश कुमार साव के नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से रांची में मुलाकात किया। इस दौरान नववर्ष की बधाई दी है। महेश साव ने क्षेत्र की जनमुद्दों से अवगत भी कराया। मुलाकात करनें वालों में प्रखंड अध्यक्ष महेश साव, प्रखंड सचिव कमल कुमार गुप्ता, प्रखंड कोषाध्यक्ष गणेश नारायण गुप्ता, जिला सदस्य शंकर साव, अर्जुन साव आदि शामिल थे।

## छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआइ ने कुलपति से की मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के छात्रों की लंबित समस्याओं को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआइ के छात्र नेताओं ने कुलपति से मुलाकात की। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 20 प्रमुख मांगें रखी गयी। छात्र नेता अभिषेक राज ने विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों की समस्याओं की अनदेखी पर आड़े हाथों लिया और कहा कि स्पेशल जेनेरिक पेपर की परीक्षा को फिर से आयोजित किया जाये और बीएड के पूर्वार्ती छात्रों के लिए विशेष मैथड पेपर की परीक्षा तुरंत करायी जाये। साथ ही पीएचडी प्रवेश परीक्षा के शीघ्र आयोजन की भी मांग की गयी। बॉयज हॉस्टल और सरोजनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल को जल्द से जल्द खोलने और बंद पड़ी बस सेवा को पुनः शुरू करने की मांग उठाई गयी। कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का उन्नयन एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा गया, छात्रों के पहचान पत्र उपलब्ध कराने और स्मार्ट आइडेंटिटी कार्ड सिस्टम लागू करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गयी। सके अलावा कई अन्य मांग शामिल हैं। अभिषेक राज ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को इन सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए।

## 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम और पूर्व प्रमुख सरिता देवी ने कंबल का किया वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम और पूर्व प्रमुख सरिता देवी ने 50 जरूरतमंदों को कंबल किया। हदारी और धरमू में कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए कम्बल का वितरण किया जा रहा है। मौके पर कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

## 26 जनवरी से अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे संजय तिवारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनहित मुद्दे और विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता संजय तिवारी 26 जनवरी से आमरण अनशन पर बैठेंगे। संजय तिवारी ने बताया कि इसकी जानकारी सदर एसडीओ को पत्र के माध्यम से दी है, साथ ही उपायुक्त को भी इसकी जानकारी लिखित रूप से दी है। आगे बताया कि डिस्ट्रिक मोड़ स्थित बाबा भीम राव आंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष 26 जनवरी से जनहित के मुद्दे को लेकर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठेंगे। जिसमें जिले में बढ़ते आपराधिक मामलों की बढ़ोतरी, निजी हॉस्पिटल और निजी स्कूल में मनमाने ढंग से फीस लेने समेत कई मामले शामिल हैं।

## तकनीकी भवन में विश्व हिंदी दिवस और राजभाषा कार्यशाला का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र, दामोदर घाटी निगम के तकनीकी भवन में शुक्रवार को विश्व हिंदी दिवस और राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर, वरीय महाप्रबंधन संजय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। परियोजना के विभिन्न विभागों और अनुभागों के तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। राजभाषा कार्यशाला में मुख्य प्रवक्ता के रूप में डॉ सुबोध सिंह शिवगीत व्याख्यान में हिंदी भाषा के महत्व के बारे बताते हुए कहा कि आज हिन्दी भाषा की लोकप्रियता पूरे विश्व में बढ़ रही है और हिन्दी बोलने वाले की संख्या में भी काफी बढ़ोत्तरी हुई हैं। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार साव ने किया।

## बीडीओ ने किया अबुआ आवास का निरीक्षण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा अबुआ आवास योजना अंतर्गत निर्माणधीन आवासों का निरीक्षण किया। जिसमें लंबित आवासों में विलंब करने वाले लाभुकों को नोटिस निर्गत किया गया। और ससमय आवास पूर्ण करने का निदेश दिया गया। मौके पर संबंधित पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी और प्रखंड समन्वय मौजूद थे।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से महिलाएं नाराज, पहुंची प्रखंड मुख्यालय

### प्रखंड पदाधिकारी के खिलाफ आक्रोश किया व्यक्त, राशि देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** मंईयां सम्मान योजना का राशि कई महिलाओं के खाते में नहीं पहुंची है। झारखंड सरकार ने पांचवी किस्त योग्य लाभुकों के खाते में भेज चुकी है। चार बार एक हजार और जनवरी में ढाई हजार रुपये लाभुकों के खाते में भेजा गया है, मगर अब भी कई योग्य लाभुक इस योजना से वंचित है। कई योग्य महिलाओं को फार्म भरने के बाद भी राशि उनके खाते में नहीं आ रही जिससे महिलाएं परेशान दिख रही है। कुछ ऐसी ही तस्वीर हजारीबाग जिले के ईचाक प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को देखने को मिली है। जहां 50 से अधिक की संख्या में महिलाएं प्रखंड मुख्यालय पहुंच झारखंड सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। सबों का कहना था कि हमलोगों ने फार्म भी समय पर भरा था। फार्म का रजिस्ट्रेशन भी हुआ था, मगर हमलोग को मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा। किस कारण से हमलोग को राशि नहीं मिल रही कोई बताने वाला भी नहीं। महिलाएं इतनी आक्रोश में थी कि सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी कर रही थी। इसी दौरान महिलाओं ने प्रखंड मुख्यालय का गेट बंद कर दिया और रस्सी बांध दिया। उनका कहना था कि हम लोगों के द्वारा इस योजना का लाभ के लिए आवेदन दिया गया है, मगर अभी तक एक किस्त भी हमारे खाते में नहीं आयी है। इसी को लेकर हमलोग प्रखंड कार्यालय का घेराव करने जुटे हैं।

सीधे तौर पर इन महिलाओं का गुस्सा प्रखंड के अधिकारी और झारखंड सरकार पर फुटता दिखाई दे रहा था। सीओ रामजी गुप्ता के समझाने के बाद महिलाओं ने गेट को खोला। बतला दें कि दो दिन पूर्व भी दर्जनों महिलाएं प्रखंड मुख्यालय पहुंची थी और विरोध दर्ज कराया था। अब प्रखंड कार्यालय और यहां तक की जिला के समाहरणालय तक महिलाएं पहुंच रही है और इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं काफी परेशान भी नजर आ रही है। बीडीओ संतोष कुमार ने पूछे जाने पर बताया कि पोर्टल अंडर मेंटनेंस है, इस कारण पता नहीं चल पा रहा है कि किसका पैसा गया है और किसका नहीं। एक से दो दिन के अंदर जिला से लिस्ट मंगवा कर ब्लॉक में चिपकाया जायेगा, जिससे लाभुक यह देख सकेंगे कि उनके खाते में पैसा गया है या नहीं। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि जिले के सभी योग्य महिला लाभुकों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक माह राशि जरूर दी जायेगी। वर्तमान में कई तरह की टेक्निकल समस्या है, इसके वजह से थोड़ी विलंब हो रही है, लेकिन आने वाले दिन में सभी योग्य लाभुकों के खाते में पैसा ट्रांसफर होना तय है।

# कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए बनी सड़क को काटकर किया अवरुद्ध

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना से कोयले की ढुलाई के लिए बनी 2.2 किलोमीटर सड़क को बिच में ही काटकर अवरुद्ध कर दिया। ग्रामीणों ने इसका सीधा आरोप पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र पर लगाते हुए कहा है की पूर्व मंत्री ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान नहीं बल्कि समस्या उत्पन्न करने का काम कर रहे हैं। एनटीपीसी जोरदाग से सत्ती चौरा 2.2 किलोमीटर सड़क का निर्माण कोयले की ढुलाई के लिए आम जनता की मांग पर ही कर रही है और तकरीबन ये सड़क अब पूर्ण रूप से बनकर भी तैयार है, लेकिन ग्रामीणों की माने तो पूर्व मंत्री के द्वारा बार बार बाधा उत्पन्न कर सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया जाता है। जब बन कर तैयार है तो उसे बिच में काटकर ही अवरुद्ध कर दिया जाता हैं। इससे पूर्व अभी वर्तमान में जोरदाग से लबनिया मोड़ तक आम जनता के लिए बनी सड़क से कोयले का ट्रांसपोर्टिंग हो रहा है और इसी वजह से कम्पनी के द्वारा 2.2 किलोमीटर सड़क का निर्माण निजी कार्य के लिए किया गया हैं। इस सड़क के निर्माण होने से आम जनता को बेहद राहत मिलेगी और जान माल का नुकसान भी होने की सम्भावना कम हो जायेगी। साथ ही जोरदाग गांव के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में भी काफी सहूलियत होगी, लेकिन इसी बीच उक्त स्थल पर सूचना पाकर पहुंचे पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू ने सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया। वहीं रात होने के बाद सड़क को जेसीवी मशीन से कटवा कर अवरुद्ध भी कर दिया है, इससे ग्रामीण खासे नाराज दिखाई दे रहे हैं।

### पूर्व मंत्री द्वारा कार्य बंद करवाने का कारण

पूर्व मंत्री द्वारा कार्य नहीं होने देने का कारण बता दे कि दो बुजुर्ग महिलाओं (रैयत) से 60 डिसमिल जमीन एग्रीमेंट करवा ली है और एनटीपीसी उक्त गैरमजरूआ आम खाता 803 में गांव के एक महिला छबिया देवी को एग्रीमेंट कर निर्धारित राशि दी है। इधर केरेडारी सीओ राम रतन वर्णवाल का कहना है गैरमजरूआ आम और खास भूमि में किसी तीसरे व्यक्ति के नाम एग्रीमेंट कानून मान्य नहीं रखता इसलिये योगेंद्र साव का दावा गलत हैं। इधर ग्रामीणों का कहना हैं कि अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए योगेंद साव उस सड़क का निर्माण नहीं होने दे रहे है। जोरदाग कि यह एकमात्र सड़क है जिसकी स्तिथि जर्जर हो चुकी है और इस सड़क में चलना मौत के मुंह मे जाने के बराबर है। जोरदाग में सड़क नहीं रहने से लोग अब जोरदाग गांव आने से भी कतराने लगे हैं, उक्त सड़क में कई बार घटना भी घटित हो चुकी है। जिसके बाद एनटीपीसी वैकल्पिक मार्ग बनाने की कोशिश कर रही है, वहीं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव द्वारा बार बार बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है क्या पूर्व मंत्री नही चाहते जोरदाग गांव की विकास हो। कंही ऐसा नहीं ना कि चुनाव में अच्छा वोट नहीं मिलने से ग्रामीणों पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है।

## एसडीओ की पत्नी की मौत का मामला: अनिता के भाई ने न्याय के लिए 13 को धरना की घोषणा की

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के शिवपुरी कृष्णा नगर निवासी राजू कुमार गुप्ता ने अपनी बहन अनीता कुमारी के सन्दिग्ध मौत के खिलाफ न्याय की मांग को लेकर 13 जनवरी को महाधरना का आयोजन किया है। राजू कुमार ने कहा की यह धरना नया समाहरणालय गेट के बाहर सुबह 9 बजे से शुरू होगा, जिसमें न्याय की गुहार लगाने के लिए आम जनता, समाजसेवी, महिला संगठन, छात्र संघ और राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। राजू कुमार गुप्ता का आरोप है कि 26 दिसंबर 2024 को उनकी बहन अनीता कुमारी को पूर्व एसडीओ अशोक कुमार और उनके परिजनों ने साजिश के तहत घर में जलाया था। ज्ञात हो की इस मामले को 14 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। उन्होंने प्रशासन को लगातार साक्ष्य और लोकेशन उपलब्ध कराये, लेकिन उनकी शिकायत को अनदेखा किया गया।

## तिलैया डैम में चला सफाई अभियान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अगुवाई में तिलैया डैम में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त और स्थानीय लोगों के द्वारा तिलैया डैम में साफ-सफाई किया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाया गया। उप विकास आयुक्त ने स्थानीय समितियों को तिलैया डैम को साफ सफाई का निर्देश दिये। साथ ही मछुआरा समिति के बीच फिंगरलिंग का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवारा मौजूद रहे।

# वन विभाग ने बड़कागांव वन क्षेत्र में 22 अवैध कोयला खदानों को किया डोजरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग डीएफओ के निदेर्शानुसार हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के सहायक संरक्षक अविनाश कुमार परमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। बड़कागांव वन क्षेत्र अंतर्गत सेहदा तिलैया चपरी में 11, राउत पारा अंतर्गत बेलवा टोंगरी में तीन और, अंबा झरना में दो, रुद्दी अंतर्गत दोबघटवा और गोंदलपुरा में छह अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद किया गया। कुल 22 अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद किया गया। मौके पर परमार ने कहा के अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर यह करवाई की जा रही है। अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर दो बार डोजरिंग का कार्य वन विभाग के द्वारा किया जाता है। एक तो यह समय है, जब ईंट भट्टों में अवैध कोयला का उपयोग होता है। साथ ही दूसरी बार मार्च अप्रैल के महीने में डोजरिंग का कार्य किया जाता है।

अवैध खनन से सरकार के राजस्व का क्षति होता है साथ ही अवैध खनन से माफिया लोगों को तो मोटी कमाई होती है, लेकिन जो मजदूर खदान के अंदर काम करते हैं उनके जान का भी खतरा बना रहता है। लोग अवैध काम को छोड़ वैध काम करें। वन विभाग के द्वारा निरंतर करवाई जारी रहेगी। इस कार्य में संलिप्त लोगों पर कानूनी करवाई की जायेगी। वहीं कार्रवाई से अवैध कोयला माफिया तथा अवैध कोयला खदान संचालकों में हड़कंप मची हुई है। मौके पर मुख्य रूप से एसीएफ अविनाश कुमार परमार, खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर अजीत कुमार चौधरी, बड़कागांव वनक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के सभी वनकर्मी शामिल थे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान जिले के विभिन्न पंचायत, गांवों से आये फरियादियों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर संवेदनशील होकर उन्होने यथोचित और समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने जमीन का निबंधन, रैयती जमीन का एलपीसी, केसीसी लोन माफी, जमीन विवाद, भूमि को ऑनलाइन और रसीद निर्गत करने, गहराई आहर का गहरीकरण, अवैध पत्थर उत्खनन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोपरान्त समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## कोडरमा में अवैध खनन रोकने के लिए छापेमारी, जेसीबी जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा ज़िले के वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन बड़े पैमाने पर जारी है। इधर वन प्रमंडल पदाधिकारी वन्य प्राणी प्रमंडल सूरज कुमार के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने बीती रात छापेमारी कर एक जेसीबी जप्त किया है। कोडरमा के क्षेत्र जंगल के इंदरवा चितरपुर स्थित लोमचांची जंगल मे अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गयी, छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन को जब्त किया। जबकि अंधेरे का लाभ लेकर चालक फरार हो गया। इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। रेंजर बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जायेगा। जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो, गोपाल यादव के अलावे हजारीबाग की टीम भी मौजूद थी। ज्ञात हो कि विगत 11 दिसंबर को भी वन विभाग के द्वारा लोमचांची मे छापामारी कर-के तीन शक्तिमान और एक जेसीबी को जप्त किया गया था।

## कोडरमा येलो ने कोडरमा ग्रीन को हराया डीएवी पब्लिक स्कूल को वॉक ओवर मिला

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे हैं अंडर-19 एज ग्रुप का दूसरा मैच शुक्रवार को सीएच हाई स्कूल मैदान में खेला गया। कोडरमा ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 122 रन बनाये। जिसमें सिद्धांत ने 32 रन और रामकृपाल ने 30 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा येलो की ओर से अभय कुमार सिंह ने तीन विकेट, कुणाल और आकाश ने दो-दो और मानव ने एक विकेट लिये। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा येलो की टीम 23.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। कोडरमा की ओर से प्रवीण ने 41 रन और आयुष ने 31 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा ग्रीन की ओर से आशीष ने दो विकेट और रामकृपाल तथा प्रियांशु ने एक एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए अभय कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच में अंपायर ओमप्रकाश और विशाल कुमार और सुशांत वर्मा थे। मौके पर सोनू खान, सुमन कुमार, अभिराज गौतम सहित कई अन्य शामिल थे। वही दूसरा मैच शुक्रवार को इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में पुलिस लाइन मैदान में डीएवी स्कूल और मेरिडियन स्कूल के बीच था। जिसमें डीएवी स्कूल को वाक ओवर मिला। मौके पर स्कूल टूनामेंट चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद, अजय राणा, सूरज पासवान, सत्यम कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## आइटीआइ प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस से कॉर्पोरेट करियर काउंसलिंग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आइएसटीडी) रांची चैप्टर ने एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमएआइटीआइ) बड़कागांव के सहयोग से एनटीपीसी आइटीआइ के प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस से कॉर्पोरेट-करियर काउंसलिंग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को कॉर्पोरेट क्षेत्र की आवश्यकताओं और करियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। इस दौरान विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ रमन बलभ ने प्रशिक्षुओं के सवालों के उत्तर दिये और उनके करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में आइएसटीडी रांची चैप्टर के सचिव और एनटीपीसी आइटीआइ के प्राचार्य इंजीनियर मिथिलेश उपाध्याय ने प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और उन्हें अपने कौशल विकास के लिए इस अवसर का भरपूर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समन्वयक मोहम्मद इरफान अंसारी और जीडीएम गर्ल्स स्कूल बड़कागांव के शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बनाया। गौरतलब है कि एनटीपीसी आइटीआइ बड़कागांव वर्ष 2023 से आईएसटीडी, रांची चैप्टर का संस्थागत सदस्य है। इस साझेदारी के तहत प्रशिक्षुओं के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षुओं ने इस पहल की सराहना की और इसे अपने करियर के लिए लाभकारी बताया। आइएसटीडी और एनटीपीसी एमएआइटीआइ के अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया और प्रशिक्षुओं को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सबकी योजना, सबका विकास को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सबकी योजना सबकी विकास के अंतर्गत ग्राम पंचायत दल के द्वारा प्रखंड कर्मचारियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान गंगपाचो, शिलाडीह, तुईयो, बरकट्ठा उतरी, कपका के पंचायत सेवकों और पंचायत के लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान गरीबी उन्मूलन, जल प्रयाप्त भरना, आत्म निर्भर बुनियादी वाला गांव, स्वच्छ और हरित ग्राम बनाना के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, मास्टर ट्रेनर तापेश्वर कुमार, बीसी संतोष कुमार, ललित कुमार पांडेय, पिंकी कुमारी, अंजू कुमारी, रविकांत, विक्की कुमार, सीमा कुमारी, अनीता देवी, पूजा सिंह, अजमेरी खातून, शहबाज नाज, रेणु देवी, सरिता देवी, सौरभ कुमार, उर्मिला देवी, मनीष कुमार, चंदन कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डॉ विकास कुमार बने विनोबा भावे विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। यह नियुक्ति राजभवन सचिवालय रांची से प्राप्त पत्र के आधार पर किया गया। ज्ञात हो की लंबे समय से छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष पद पर नियमित नियुक्ति नहीं हो पाई थी। विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो मिथिलेश कुमार सिंह को छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष का अतिरिक्त दायित्व दिया गया था। डॉ विकास कुमार के डीएसडब्ल्यू बनाए जाने पर सबसे पहले विश्वविद्यालय के कुलपति ने उन्हें पुष्पग कुछ बैठकर उनका अभिवादन किया। देखते ही देखते उन्हें बधाई देने वालों की भीड़ जम गयी। विश्वविद्यालय के अधिकारी शिक्षक कर्मचारी पूर्ववर्ती छात्र डॉ विकास कुमार को बधाई देते रहे। डॉ विकास कुमार के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष बनने से अब उम्मीद जगी है कि विश्वविद्यालय।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# लातेहार में फोरलेन कंस्ट्रक्शन साइट पर हुई फायरिंग, दहशत



मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के चंदवा प्रखंड स्थित रांची डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर चंदवा के चेटर पंचायत के पन्नाटांड़ में अज्ञात अपराधियों के द्वारा एनएचएआइ को निर्माण कार्य बर्बरीक कंपनी लिमिटेड के द्वारा कार्य किया जा रहा है जिसमें बर्बरीक कंपनी के द्वारा पन्नाटांड़ स्थित लकड़ी का डिपो बनाया गया है। डिपो में ही कार्य कर रहे मजदूरों के समक्ष चंदवा से लातेहार की ओर बाइक सवार दो अपराधी अचानक पन्नाटांड़ स्थित लकड़ी डिपो के पास रुक कर पिस्तौल निकाल कर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि कुछ मिनट के लिए तो हम लोग को समझ में ही नहीं आया कि ऐसा क्या हो रहा है। हम लोग इधर-उधर भागने लगे और जमीन पर ही अपराधियों के द्वारा अपने हथियार से फायरिंग शुरू कर दिया। उसके बाद बाइक में सवार होकर लातेहार की ओर आराम से निकल पड़े। यह कार्य लगभग दो बजे से लेकर तीन बजे बीच की घटना बतायी जा रही है। घटना के बाद काम कर रहे लोगों ने कम्पनी के अधिकारियों की इसकी सूचना दिया। कम्पनी के द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया।

**क्या कहते हैं एसपी :** इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आपराधिक घटना की जांच चल रही है। अभी पूर्णतः जानकारी नहीं हो पायी है। उसके साथ ही गोलीबारी की घटना की भी पुष्टि किया है और कहां है कि मामले की जल्द पदार्फाश किया जायेगा।

### गणतंत्र दिवस पर होने वाले समारोह और पूर्व संध्या की तैयारियों को लेकर चर्चा

# विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**समारोह में लोहरदगा के खिलाड़ियों को भी सम्मानि किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले मुख्य समारोह व पूर्व संध्या की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय में शहीदों/ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण 8.00 बजे पूर्वाह्न से 8.45 बजे के बीच किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा में झंडोतोलन 9.15 बजे पूर्वाह्न किया जायेगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान उर्सुलाइन कांवेंट बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा की छात्राओं द्वारा गाया जायेगा। समाहरणालय में झंडोत्तोलन 10.45 बजे पूर्वाह्न उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डीआरडीए पुराना कार्यालय परिसर, जिला परिषद, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में झंडोत्तोलन होगा। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन उपायुक्त, लोहरदगा और केंद्रीय विद्यालय बरही में झंडोत्तोलन उप विकास आयुक्त द्वारा किया जायेगा।

मुख्य समारोह स्थल बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा एवं अन्य प्रमुख स्थानों की सफाई एवं सजावट की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद लोहरदगा द्वारा की जायेगी।

बीएस कॉलेज लोहरदगा में मुख्य समारोह के लिए मंच पर लाइट, विशेष माइक, सामियाना, सोफा, कुर्सी, विद्युत व्यवस्था, जेनरेटर, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी आदि की समुचित व्यवस्था हिंडाल्को द्वारा की जायेगी। 26 जनवरी को 6:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त रहेंगे। समारोह में वर्ष 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला के खिलाड़ियों और विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार हेतु स्क्रीनिंग का कार्य, उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ शिक्षक और अन्य उपस्थित थे।

## कोल इंडिया ने चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो बाजार टांड़ में शुक्रवार को कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वधान में चलंत चिकित्सा वाहन के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों का यूरिक एसिड, ब्लड शुगर, ब्लडप्रेशर, लिवर, किडनी, एलएफटी, आरएफटी, इएसआर, सीआरपी, आर फैक्टर, मलेरिया, टाइफाइड, इसीजी आदि की जांच की गयी। पॉजिटिव लोगों को आवश्यक दवाईयां भी दी गयी। इस शिविर का 45 लोगों को लाभ मिला। इस मौके पर डॉ पल्लवी कुमारी, स्वेता कुमारी, आशुतोष गुप्ता, अजित कुमार, जितेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक ने 95 वें जन्मदिन पर किया कंबल का वितरण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेवानिवृत्त शिक्षक दुखहरण साहू के 95 वें जन्मदिन पर 151 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वही मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन भी किया गया। जिसमें डॉक्टर विवेक कुमार मधुर, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेहा मधुर, सर्जन, डॉक्टर कल्याण कुमार मधुर, डॉ रोहित कुमार मधुर, डॉ चंदन के द्वारा बीपी, शुगर, हड्डी रोग, अर्थराइटिस, सर्दी खांसी, जुकाम रोगियों का इलाज किया गया। शिविर में कुल 195 लोगों का मुफ्त इलाज एवं इनके बीच दवा का वितरण किया गया। मौके पर कुडू लावागाई मुखिया ललिता देवी, कलिंदर साहू, रामखेलावन साहू, दुखहरण साहू के चारों पुत्र डॉ कल्याण कुमार मधुर, अजय कुमार मधुर, अशोक कुमार मधुर, संजय कुमार मधुर, गीता देवी, अशोक कुमार , सावित्री मधुर, जया मधुर, कमला देवी, शिखा मधुर, शिवानी मधुर, रीना मधुर, आर्यन मधुर समेत अन्य उपस्थित थे।

## सेन्हा में बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले में सेन्हा पुलिस द्वारा अगल अलग पथ से बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त कर खनन अधिनियम के तहत अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अंचलाधिकारी के माध्यम से अवगत कराया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग पथ से बालू लदा दो ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करते हुए सेन्हा पुलिस के द्वारा जप्त किया गया। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार भड़गांव से गुरुवार को रात में बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया था। जबकि शुक्रवार को सुबह भी एक बालू लदा एक ट्रैक्टर को कंडरा पथ से जप्त किया गया। दोनो बालू लदा ट्रैक्टर को सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के माध्यम से कारवाई हेतु अवगत कराया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि बालू लदा जप्त दोनो ट्रैक्टर के विरुद्ध विधिवत विभागीय कारवाई किया जा रहा है। फिलहाल दोनो ट्रैक्टर को सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। गौरतलब हो कि झारखंड राज्य में बालू निविदा को लेकर वर्तमान सरकार द्वारा कोई दिशा निर्देश जारी नही किया गया है। उसके बावजूद सभी जिले व प्रखंड क्षेत्र में बालू का उठाव जारी है और विभिन्न प्रकार की योजना भी संचालित हो रहा है।

# मनिका में आधार अपडेट के नाम पर हो रही 120 रुपये की अवैध वसूली

आजाद सिपाही संवादाता



**मनिका/ लातेहार।** आधार को मोबाइल नंबर और बैंक खाते समेत अन्य कई सुविधाओं से लिंक करना अनिवार्य है इस सिलसिले में कई लोगों ने अपनी आधार डिटेल अपडेट करनी पड़ रही है। इसी का फायदा उठाकर प्रखंड मुख्यालय कैंपस में ऑपरेटर के द्वारा अवैध वसूली आधार अपडेट में किया जा रहा है। मनिका पल्हेया पंचायत के मुकेश उरांव ने बताया कि आधार अपडेट करने के नाम पर 500 रूपये की अवैध वसूली की गयी है। पल्हेया पंचायत के ही रहने वाली सोनिया देवी ने बताया कि अगर आधार अपडेट में पैसा नहीं देंगे तो आधार अपडेट नहीं होगा हमसे भी 120 का वसूली की गयी है। रिसीविंग मांगने के बावजूद भी रिसीविंग भी नहीं मिलता। वहीं स्कूली छात्रा रीना कुमारी बताया कि आधार अपडेट में 120 का वसूली हमसे भी किया गया है। दर्जनों ग्रामीण लोगों को कहना है कि विभिन्न योजनाओं में आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ती है। इसके चलते लोगों को आधार बनवाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर जहां ब्लॉक कैंपस में कार्यरत ऑपरेटर अवैध वसूली कर रहे हैं। पैसा नहीं देने पर सर्वर डाउन अथवा कोई और बहाना बनाकर उन्हें तरका दिया जाता है।

इस मामले पर सबसे दिलचस्प बात यह है कि जिस भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी बैठकर सरकारी कार्यों का निष्पादन करते हैं ठीक उसके बगल में ही आधार अपडेट कराने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है।

इस बाबत में बीडीओ संदीप कुमार से टेलीफोन के माध्यम से बात करने का प्रयास किया गया पर उनसे बात नहीं हो पायी।

# दुष्कर्म और हत्या मामले पर दोषी युवक को फांसी व आजीवन कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पांच वर्षीय नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म कर उसकी नृशंश हत्या करने के मामले में शुक्रवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने आरोपी इंदर उरांव (25) को दोषी मानते हुए फांसी की सजा एवं आजीवन कारावास की सजा का फैसला सुनाया है। अदालत ने 302 हत्या के मामले पर फांसी व 6 पोक्सो एक्ट के तहत आजीवन कारावास एवं 25000 अर्थ दंड की सजा भी लगाया है।एडीजे वन सह पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत की अदालत में शुक्रवार को फैसले को लेकर लोगों में गहमा गहमी रही। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि घटना 24 दिसंबर 2022 को लोहरदगा जिला के बगडू थाना क्षेत्र की है। दोषी फिलहाल जेल में है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने दलीलें पेश की जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नारायण साहू ने पैरवी किया। मामले में बगरू थाना के तत्कालीन थानेदार पंकज कुमार शर्मा, थानेदार सुजीत एवं महिला थाना प्रभारी किरण पंडित कुमार ने अनुसंधान किया था।

लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि, इंदर उरांव नाबालिग बच्ची को 50 रुपया का नोट देकर फुसला कर निकट के सुनसान स्थान पर ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पकड़े जाने के भय से बच्ची की हत्या कर शव को छुपा दिया था। उसकी मां ने बच्ची की तलाश किया तो, मामले उजागर हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पड़कर उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

मामले को लेकर कोर्ट में कुल 17 लोगों की गवाही दर्ज की गई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोषी इंदर उरांव को फांसी की सजा सुनाई है। इंदर उरांव पहले भी अपनी दादी की हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

## कोल्हान की खबरें

# बालू लदा ट्रैक्टर और हाइवा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला/ कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर खनन विभाग ने अवैध बालू के खिलाफ अभियान चलाया। शुक्रवार को खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में सरायकेला व कांड्रा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे एक हाईवा और एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार विभाग को गुप्त सूचना मिली थी तिरुलडीह और ईचागढ़ थाना क्षेत्र से अवैध बालू की निकासी धरेले से चल रही है।एक जगह बालू भंडारण कर बड़े वाहनों से जिले के चौका, चांडिल,कांड्रा,गम्हरिया,आदित्यपुर में बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर गठित छापामारी दल ने कांड्रा थाना अंतर्गत पिंडराबेरा में एक अवैध बालू लदा हाईवा संख्या जेएच05 बीडब्लू 0112 को जप्त किया गया। वही सरायकेला के कोलाबेड़ा में एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर संख्या जे एच 22एफ 3066 को जप्त कर लिया गया।बताया जारहा है एक दिन पूर्व ही चौका थाना क्षेत्र के दुबराजपुर में मार्शल कंपनी के एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई थी। इस घटना को ट्रैक्टर मालिक द्वारा छुपाने की प्रयास थी। फिलहाल जिले में खनन विभाग की टीम अवैध बालू के खिलाफ सक्रिय है।

# 136 पिस कफशिरप के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में नशे पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस ने कारवाई शुरू कर दी। शुक्रवार को डीएसपी के नेतृत में सोनारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 136 पिस कफ शिरफ के साथ मोनी बोरकर उर्फ गौतम बोरकर को गिरफ्तार का न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी सोनारी के खूंटाडीह में कोटिन फास्फोरस कफ शिरफ की बड़े पैमाने में बिक्री होरहा है। सूचना मिलने के बाद डीएसपी हेडक्वार्टर टु निरंजन तिवारी के नेतृत में टीम का गठन कर सोनारी के खूंटाडीह में छापामारी की गई।जहां एक भाड़े के मकान में रह रहे मोनी बोरकर उर्फ गौतम बोरकर को 136 पिस कफ शिरफ के साथ गिरफ्तार किया गया। सिटी एसपी ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त पहले अवैध शराब की बिक्री करता था।वह कई बार जेल भी जा चुका है। फिलहाल बीते एक महीने से वह कोटिन फास्फोरस कफ सिरप का बिक्री कर रहा था। जिसमें नारकोटिक ड्रग्स के अधीन काफी मात्रा में कोटिन फास्फोरस पाया जाता है। जिसका उपयोग आपराधिक तत्व नशे के लिए इस्तेमाल कर घटना को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कफ सिरप के अलावा 23 लीटर देसी शराब भी जब्त किया गया। बरामद सामग्रियों की कुल कीमत लगभग 50 हजार आंकी जारही है। एसपी ने कहा इस मामले में मोनी के अलावा एक अन्य अभियुक्त का नाम सामने आया है। बहुत जल्द ही अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया जाएगा। इस अवसर पर सोनारी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।

# चैंबर भवन में कार्बन उत्सर्जन की कमी को लेकर बायोचार प्रौद्योगिकी पर संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स में बायोचार की अभिनव तकनीक व कार्बन उत्सर्जन के भूमिका पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को संगोष्ठी में मुख्य वक्ता टाटा स्टील के वाईस प्रेसिडेंट राजीव मंगल शामिल हुए। उपस्थित थे।इस अवसर पर उद्योगों और व्यापारिक जगत को बायोचार तकनीक के महत्व और पर्यावरा संरक्षण में इनके अनुप्रयोगों से अवगत कराया गया। इस दौरान पर्यावरणीय और औद्योगिक उपयोगिता पर चर्चा की गई।ताकि उद्योग इस तकनीक को अपनाकर कार्बन फुटप्रिंट को कम कर सके।मौके पर मुख्य अतिथि राजीव मंगल ने अपने गहन अनुभव व तकनीक ज्ञान के माध्यम से बायोचार तकनीक की वैज्ञानिक प्रक्रिया, इसके पर्यावरणीय लाभ और औद्योगिक क्षेत्रों में इसके व्यवसायिक उपयोग पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया बायोचार जो जैविक अपशिष्ट से बनाया जाता है।यह न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सहायक है बल्कि मृदा की उर्वरता बढ़ाने और कृषि में सुधार करने के लिये भी महत्वपूर्ण है।उन्होंने बायोचार तकनीक को पर्यावरणीय निरंतरता और औद्योगिक नवाचार का आधार मानते हुये इसे व्यवहार में लाने के लिये सुझाव भी दिये।चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में इस प्रकार की तकनीकी संगोष्ठियां समय की मांग है।

# 14 को होगी आदिवासी कुड़मी समाज की टुसू विदाई सह शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के बिरसानगर में आदिबासि कुड़मि समाज के हुड़लुंग गाँव महिला संयोजक ममता बाला महतो पुनुरिआर के नेतृत्व में एकमासिआ टुसु पर्व के 27 दिन पर कुटुस फूल देकर जागर जलाया गया। मौके पर पुरखेनी टुसू गित व पांता नाच का आयोजन किया गया।इस अवसर पर ममता बाला महतो पुनुरिआर ने पोस संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को सुबह 11. 30 बजे टुसू बिदाइ सह शोभा यात्रा में संस्कृति के वाद्य यंत्र एवं वेशभूषा में पुरखेनी टुसू गित संगीत करते हुए डाब के डाब हुजा के हुजा सम्मिलित होकर सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। मौके पर पायल महतो डुमुरिआ,वर्षा महतो डुमुरिआ, लक्ष्मी महतो छचमुतरुआर, सुइटि महतो छचमुतरुआर, पुजा महतो केटिआर,लक्खी महतो टिडुआर ने फुल देकर जागर (दिया) जलाया। इस अवसर पर जिला सह संयोजक प्रकाश महतो केटिआर, उदित महतो, सुजित महतो, नयन कुमार भगत,जुगल सिंह मुण्डा, निबेदिता महतो, रजबति महतो सहित काफी संख्या में महिला, पुरुष सहित बच्चियां शामिल रहे।

# कदमा श्रमिक सहयोग समिति ने जीएनएससी के विशेष पदाधिकारी पर लगाया आरोप, डीसी से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड के एक प्रतिनिधि मंडल ने जमशेदपुर अक्षेस पर गंभीर आरोप लगाया। शुक्रवार को प्रतिनिधि मंडल ने डीसी के नाम मांग पत्र सौप कर न्याय के लिए गुहार लगाई। मौके पर उदय प्रताप सिंह ने कहा सीक्रेटीयर्स के आदेश के बावजूद जेएनएससी विशेष पदाधिकारी के द्वारा बाहरी लोगों को टेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा जमशेदपुर अक्षेस समिति के ठेकेदारों और निजी ठेकेदारों के बीच भेदभाव करने का आरोप लगाया। उनका कहना है अक्षेस द्वारा सभी टेंडर निजी ठेकेदारों को दिए जारहा हैं। जबकि समिति के ठेकेदार स्थानीय निवासियों को रोजगार प्रदान करते हैं। जो मजदूरों के पलायन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।कदमा श्रमिक सहयोग समिति के अधिकारियों ने कहा क्षेत्रीय विकास और श्रमिकों कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।लेकिन अक्षेस के द्वारा स्थानीय लोगों के रोजगार पर प्रतिकूल असर डाला जारहा है। उन्होंने कहा इसके कारण समिति के ठेकेदारों का काम प्रभावित हो रहा है। उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।समिति के प्रतिनिधियों ने डीसी से इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया निजी ठेकेदारों को टेंडर देने से न केवल स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिलने में मुश्किल हो रही है,बल्कि यह क्षेत्रीय आर्थिक विकास के लिए भी खतरे की घंटी साबित हो सकती है।समिति ने यह भी स्पष्ट किया स्थानीय ठेकेदारों के माध्यम से रोजगार देने से श्रमिकों का पलायन रोका जा सकता है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। इन परिस्थितियों में जिला प्रशासन इस भेदभावपूर्ण व्यवहार पर ध्यान दे।

## आदित्यपुर में 16 सामुदायिक भवन पर लगा ताला



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** नगर निगम की टीम ने 21 सामुदायिक भवन में से 16 सामुदायिक भवन में पर ताला जड़ते हुए अपने कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सामुदायिक भवन को कई व्यक्ति विशेष एवं कुछ पूर्व पार्षद ने अपने कब्जे में ले रखा था। जिसे लेकर नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश ने उन सभी व्यक्तियों को लेटर जारी कर सूचित किया था। जारी लेटर में सामुदायिक भवन की चाभी कार्यालय के अभियंत्रण शाखा में जमा करने की बात कही गई थी। शुक्रवार को उप नगर आयुक्त पारुल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें नगर निगम क्षेत्र पड़ने वाली 16 सामुदायिक भवन पर ताला जड़ दिया हैं।वही शनिवार को शेष बचे सामुदायिक भवन पर अभियान चला कर कब्जे में लिया जाएगा। नगर निगम टीम से सहायक प्रशासक विपुल सनी, नगर प्रबंधक देवाशीष प्रधान, एवं नगर प्रबंधक रवि भारतीय मजिस्ट्रेट के रूप में एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

# जारी में पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी।** जारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेराल गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मेराल गांव निवासी नवीन तिर्की पिता स्वर्गीय फिलवर तिर्की को देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार करते हुए शुक्रवार की अपराह्न 3 बजे जेल भेज दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक पिस्तौल लेकर गांव के आसपास घूम रहा है और वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। जानकारी देते हुए जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार सिंह ने बताया गुप्त सूचना मिली थी कि मेराल गांव निवासी एक युवक देसी हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। वही किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को पुलिस ने गांव से पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कमर से एक देसी रिवाल्वर बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उसने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

## कुरुमगढ़ में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

# पुलिस ने बरामद किया आइइडी बम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर।** कुरुमगढ़ पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। नक्सलियों ने कुटमा हरिनाखाड़ जाने वाले जंगली रास्ते में आइइडी प्लांट किया था। यह तो बेहतर हुआ कि कोई पुलिस टीम उधर सर्च आभियान के लिए नहीं निकले और पहले ही इसकी सुचना पुलिस को मिल गयी। जिससे एक बड़ा हादसा होते होते रह गया।



नक्सलियों की मंशा थी कि सर्च अभियान के दौरान पुलिस बल को नुकसान पहुंचाया जाये। लेकिन जाको राखे साइयां, मार सके न कोए वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए पुलिस को समय रहते ही इस साजिश का बीपता चल गया। पुलिस ने नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेरते हुए आइइडी को बरामद कर लिया।

इस आपरेशन के लिए गुमला पुलिस तथा एसएसबी की संयुक्त टीम का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने बम डिस्पोजल टीम को भी मौके पर बुलाया था। टीम ने आइइडी को सुरक्षित डिफ्यूज कर लिया। यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके से पुलिस ने आईईडी बरामद की है। इससे पहले भी पुलिस ने अलग-अलग जगहों से आइइडी बरामद की थी। इस सर्च अभियान के दौरान 01 टिफिन आईईडी पुलिस ने बरामद किया। जिसका वजन लगभग 500 ग्राम बताया जा रहा है। इस बम को झारखंड जगुआर की बीडीडीएस टीम द्वारा शुक्रवार को नष्ट किया गया। पुलिस इस मामले में अग्रतर कार्यवाही कर रही है ।

## चिकित्सा शिविर में 778 पशु पक्षियों की जांच



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कलिगा पंचायत सचिवालय में दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का प्रथम दिन का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ सूर्यवंश ठाकुर डॉ रूपा लकड़ा, मनोज कुमार प्रसाद, सुरेश कुमार, नरेंद्र महतो, गौतम महतो सहित मोबाइल वेटनरी यूनिट के कर्मी उपस्थित थे। शिविर के प्रथम दिन 54 पशुपालकों के 778 पशु पक्षियों का उपचार ओर परामर्श दिया गया। कलिगा पंचायत के मुखिया मरियम बेक ओर पंचायत समिति सदस्य अनिता मिंज के द्वारा शिविर लगने संबधी प्रचार प्रसार किया गया।

## भाजयुमो ने बसिया कॉलेज में चलाया सदस्यता अभियान



**बसिया (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में बसिया कॉलेज बसिया में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस संबंध में राजकुमार सिंह ने कहा कि शुक्रवार को चलाये गये सदस्यता अभियान में जिसमें कुल 200 नये सदस्य बनाये गये है। इस सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव, गुमला जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद, विजय सिंह पिंटू, अमर पांडेय, बैजू गोप, दुर्गा प्रधान, अनिल गुप्ता, रामाशंकर पांडेय, अंकित मिश्रा समेत भाजयुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुमला जिले में छत्तीसगढ़ के 344 छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिले की ख्याति अब राज्य की सीमाओं को पार करते हुए अन्य राज्यों में भी फैल रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय जशपुर से 344 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों का दल गुमला जिले में शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचा। इस दल का नेतृत्व टीम लीडर प्रांजल पांडेय और शिक्षकों अक्षय पांडेय, दीपक केशरी, पी.आर. रेड्डी, चंदन रॉय, आभा बेक आदि ने किया।



जिला प्रशासन के निर्देशानुसार, आइटीडीए निदेशक रीना हांसदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, बीपीओ दिलदार सिंह और रागी सेंटर के जय सिंह बारला के समन्वय से छात्रों को गुमला साइंस सेंटर, एराउज ट्राइबल म्यूजियम, जोहार रागी प्रोसेसिंग यूनिट और सावित्रीबाइ फुले लाइब्रेरी का भ्रमण कराया गया।

साइंस सेंटर में अंकिता विनायक और काजल कुमारी ने छात्रों को इंडस्ट्री जोन, साइंस हब, गेमिंग जॉन, रोबोटिक्स और ड्रोन की तकनीक से अवगत कराया। छात्रों ने विज्ञान के अद्भुत प्रदर्शनों का अनुभव किया। जोहार रागी प्रोसेसिंग यूनिट में जयसिंह बारला ने छात्रों को रागी के महत्व और प्रोसेसिंग प्रक्रिया की जानकारी दी। छात्रों ने स्थानीय महिलाओं द्वारा बनाए गए रागी लड्डू का आनंद भी लिया। एराउज ट्राइबल म्यूजियम में छात्रों ने जनजातीय सभ्यता और संस्कृति के विकास के बारे में रोचक जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण के अंत में सभी ने बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में आनंददायक समय बिताया।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय जशपुर के शिक्षक दीपक केशरी ने कहा कि गुमला साइंस सेंटर का अनुभव शानदार रहा और भविष्य में वे पुनः आने की इच्छा रखते हैं। अक्षय पांडेय ने रागी केंद्र के स्वीट्स की सराहना करते हुए जिला प्रशासन की टीम का आभार व्यक्त किया।

## नाबालिग लड़की को दिल्ली में बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला आहतू थाना की पुलिस ने एक नाबालिक लड़की को दिल्ली में बेचने के आरोपी कांसीर निवासी 31 वर्षीय कैशर अंसारी को गिरफ्तार कर शुक्रवार दिन के 2 बजे जेल भेज दिया। मामला 2023 का है उस समय लड़की की उम्र 17 वर्ष थी। आरोपी उसे ठग फुसलाकर प्रलोभन देते हुए दिल्ली ले गया। जहां एक प्लेसमेंट में काम करने वाले को बेच दिया। मामले को लेकर लड़की के परिजनों ने गुमला थाना में 2023 में केस दर्ज किया था। केस के अनुसंधान के क्रम में प्लेसमेंट एजेंसी के एक व्यक्ति मांडर रांची निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेज दिया है। इसके बाद कैशर अंसारी की पुलिस को तलाश थी। जिसे शुक्रवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अदालत के समक्ष पेश करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। हालांकि अब तक लड़की बरामद नहीं हो सकी है।

# समीर उरांव ने घाघरा में चलाया सदस्यता अभियान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा मंडल में भाजपा द्वारा शुक्रवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, प्रवासी प्रभारी सबिन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार जायसवाल के अलावे कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान समीर उरांव ने कहा भाजपा में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही भाजपा के नीति व सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने बूथ स्तर पर महिला व पुरुष कार्यकताओं को अधिक से अधिक जोड़ने का निर्देश बूथ अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारी को दिया है। इस दौरान शिवेश्वर प्रसाद सिंह, श्याम किशोर पाठक, सीमा देवी, अलका देवी, उगेंद्र सिंह, महेश साहू, कर्मपाल देवरिया, सालावंती देवी, मनोज कुमार, संतोष मणि मिश्रा व आजाद साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## कुंदइ नदी के अज्ञात युवक का शव मिला



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर के कुंदई नदी के पास एक लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है और लोगों से अपील की है कि वे मृतक की पहचान कर पुलिस को सूचना दें। अहले सुबह कुछ राहगीरों ने कूदई नदी के पास एक जामुन के पेड़ में फांसी लगाकर लटके व्यक्ति को देखा, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को पेड़ से नीचे उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। एएसआइ वीके पांडे ने बताया कि पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है और लोगों से अपील की है कि वे मृतक की पहचान कर पुलिस को सूचना दें।

## योजना को लेकर बीडीओ ने मुखिया और कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा ब्लॉक परिसर सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने योजना को लेकर मुखिया और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, जन मन, 15वें वित्त योजना संबंधित कई योजना की समीक्षा व आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में नए अबुआ आवास का रजिस्ट्रेशन कार्य 2 दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही अधूरे पड़े अबुआ आवास, कूप निर्माण सहित लंबित पड़े योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। ताकि योजना पूर्ण हो सके। कार्यों में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीओ बेबी कुमारी, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार सहित कई मुखिया पंचायत कर्मी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## सीठीयो में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठीयो में शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा के द्वारा बालक बालिकाओं के बीच प्रखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रकार का खेल कूद कराया गया। जिसमें फुटबॉल,कबड्डी,दौड़ समेत अन्य कार्यक्रम कराया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मुखिया शोभा देवी द्वारा परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता प्रारम्भ कराया गया। वही फुटबॉल मैच में नेहरू युवा क्लब सिठियो द्वारा ट्राई ब्रेकर में नेहरू युवा क्लब सेरेंगहातु को पराजित किया वही तृतीय नेहरू युवा क्लब का एकागुडी का टीम रहा। कबड्डी में प्रथम सेरेंगहातु ग्रुप,द्वितीय दतरी ग्रुप एवं तृतीय रामपुर ग्रुप का टीम रहा। मुखिया शोभा देवी ने खिलाड़ियों से कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी आवश्यक है। आज खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सम्भवना है। साथ ही कहा खेल व सामाजिक कार्य मे नेहरू युवा केन्द्र का सराहनीय योगदान है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे गुमला, अंबेडकर सम्मान यात्रा में होंगे शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** अंबेडकर सम्मान यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो शुक्रवार की शाम लगभग 6:00 बजे गुमला पहुंचे । उनके गुमला आगमन पर जिला कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने उनका भविष्य स्वागत किया । प्रदेश अध्यक्ष श्री महतो ने बारी-बारी से कांग्रेस के कई विभागों के पदाधिकारी से संगठनात्मक मजबूती के लिए बैठक की। और कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कई दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर मौजूद कांग्रेस के जिला महासचिव फिरोज आलम ने बताया कि प्रातः 9:30 बजे प्रदेश अध्यक्ष की मार्ग दर्शन में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा । यहां से प्रदेश अध्यक्ष का काफिला अंजन धाम के लिए निकलेगा। वहां से पूजा अर्चना के बाद ग्राम खटंगा स्थित लैला मोड़ के पास से टोटो तक पैदल मार्च किया जाएगा। टोटो पहुंचकर यह पैदल मार्च समाप्त होगा। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष घाघरा के लिए रवाना होंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ कई प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## महिला से दुष्कर्म और झांसे में लेकर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला महिला थाना की पुलिस ने दुष्कर्म और 90 हजार की ठगी के आरोपी बेड़ो थाना क्षेत्र अंतर्गत केशो गांव निवासी 45 वर्षीय ममून रशीद को गिरफ्तार करते हुए शुक्रवार की अपराह्न 4 बजे जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए महिला थाना प्रभारी अंकिता कुमारी ने बताया आरोपी महिला से 2016 में मिला था। महिला का पति बाहर रहता है। वह सब्जी बेचने का काम करती है। जबकि आरोपी होलसेल में उसे सब्जी देता था। इसी बीच महिला का मोबाइल नंबर लिया और बातचीत होने लगी। इसी बीच महिला के आंख में कुछ प्रॉब्लम हुई जिसे आरोपी रांची में दिखाने ले गया जहां उसके साथ पहली बार दुष्कर्म किया। जिसके बाद मौका देखकर बार-बार वह उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। साथ ही शादी करने की बात भी कहीं। शादी की बात करने पर वह टालता रहा। 2023 तक वह उसे टालता रहा। इसी बीच आरोपी ने एक लड़की से शादी कर ली और महिला को छोड़ दिया। इसके बाद महिला ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी।

# निर्दलीय पांच प्रत्याशियों को मैनेज करने का हो रहा है जोरदार प्रयास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चैंबर कार्यालय में मुख्य चुनाव पदाधिकारी व सहायक चुनाव पदाधिकारी के समक्ष कुल 26 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की गई। इस संबंध में मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने बतलाया की बीते 8 जनवरी को अपराहन 3 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन हुई। जिसमें कल कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था वहीं नामांकन के अंतिम दिन यानी बीते 09 जनवरी को 5 कुल प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज करवाया था।। इस तरह कुल 26 प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन पत्र भरकर चुनाव पदाधिकरियों के समक्ष नामांकन किया । जिसमे कई निर्दलीय प्रत्याशी के नाम भी शामिल हैं। शुक्रवार को मुख्य चुनाव पदाधिकारी के द्वारा नामांकन पत्रों की जांच में सभी 26 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही व वैध पाए गए हैं।



**ये हैं 26 प्रत्याशी :** वैध नामांकन पत्र भरने वालों में दिलीप कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, पंकज खंडेलवाल, प्रतिक कुमार अग्रवाल (सोनू), प्रणय कुमार साहू (बिट्टू), राहुल केशरी, अनिकेत कुमार, सोनी देवी, नीरज कुमार गुप्ता, राजेश लोहानी, अभिजीत कुमार जयसवाल (रॉकी), गुरमीत सिंह, आदित्य कुमार गुप्ता, गुन्नू शर्मा, अमित मंत्री (गोलू), मुनी लाल साहू, रितेश कुमार गुप्ता, मो० इम्तियाज, बबलू वर्मा, अमित , सोनू एच. डी. (अभिषेक कुमार), शंकर लाल साहू, संजीव शर्मा, ज्योति कुमारी, बाबू गुडलक (योगेश शर्मा) के नाम शामिल हैं।

चुनावी अधिसूचना के अनुसार 11 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक नाम वापसी का समय है। नाम वापसी के उपरांत चुनाव हेतु उम्मीदवारों के नाम साफ हो जाएगा।

एक गुट के आलावा अभी तक चुनावी मैदान में केवल 5 निर्दलीय प्रत्याशी हैं। और कुछ लोग यह भी कयास लगा रहे हैं कि इन पांचों को मैनेज करने की भरपूर कोशिश की जा रही है। ताकि एक गुट विशेष को निर्विरोध इस चुनाव में जीत मिल सके।

आजाद सिपाही से बात करते हुए मुख्य चुनाव प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि उनकी निगरानी में पूरा चुनाव बिल्कुल चीनी की तरह साफ सुथरा होगा। पूरे चुनाव में एक मिठास होगी कड़वाहट नहीं रहेगी। साथ उन्होंने कहा कि अखबार , पोस्टर पंपलेट , सोशल मीडिया, और शहर में घूम-घूम कर माइकिंग के माध्यम से चेंबर के चुनाव की पूरी जानकारी शहर वासियों को देने का प्रयास किया गया है। ताकि चुनाव में अधिक से अधिक लोग भाग ले सके।

# एक शाम आंजन महोत्सव का हुआ उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पवनपुत्र हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम को वैश्विक पहचान दिलाने और जिले में अवस्थित प्राचीन धार्मिक जगहों का पर्यटन कॉरिडोर बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम एक शाम आंजन महोत्सव का अयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्र की रानी साहिबा जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी द्वारा शुक्रवार को आंजन धाम में फीता काटकर किया गया। इसके साथ ही राम कथा व 48 घंटे का अखंड हरिकीर्तन कंठामृत रस धारा कीर्तन मंडली द्वारा शुभारंभ किया गया।



जहां 12 जनवरी को आंजन धाम का भव्य पूजन काशी के आचार्यों द्वारा रुद्राभिषेक के साथ किया जायेगा। संगीतमय सुंदर कांड का पाठ सुरेश मिश्रा, महावीर साहु ग्रुप द्वारा किया जायेगा। अपराह्न 3 बजे आंजन धाम के सभी भक्तों द्वारा सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ, भव्य आरती किया जायेगा। तत्पश्चात भंडारा और महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।

इस तीनदिवसीय ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिय गुमला व लोहरदगा जिला के समिति के पदाधिकारीगण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उद्घाटन करते हुए सरस्वती देवी ने कहा कि लगातार तीन वर्ष से आयोजित एक शाम आंजन महोत्सव सरना-सनातन धर्म को मजबूत करने की दिशा में स्वागत योग्य प्रयास है। क्षेत्रवासी अपने आराध्य देव हनुमान जी को आदर्श मानकर अपने जीवन में सभी बुरे कर्मों को त्याग कर अच्छे विचारों को आत्मसात कर अपने को सुदृढ़ बनायें, परिवार-समाज-अपने धर्म की रक्षा करें। गुमला जिला का पौराणिक इतिहास यहां अवस्थित धार्मिक जगहों में समाहित है जिसे लेकर सभी को एक होकर अपनी धर्म संस्कृति बचाने की जरूरत है।

इस अवसर पर कृष्ण देव सिंह राष्ट्रीय संयोजक अरविंद मिश्रा, रवि शंकर सिंह, प्रभु राज सिंह, सुशील पंडा, केदारनाथ पांडेय, उदय मुखर्जी, उन्नत गुप्ता, निलेश पाठक, महादेव साहू, मुरली साहु और आंजन धाम समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी स्कूल की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला द्वारा छात्राओं के शैक्षणिक विकास और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा इस भ्रमण की योजना तैयार कर उपायुक्त की सहमति से नवरत्नगढ़ के ऐतिहासिक किला, जोहार रागी प्रोसेसिंग यूनिट, गुमला पॉलिटेक्निक और जिला विज्ञान केंद्र को भ्रमण स्थलों के रूप में चयनित किया गया।




चयन प्रक्रिया और प्राथमिकता प्रत्येक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से 40 छात्राओं का चयन उनकी उपस्थिति और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। चयन में बोर्ड की छात्राओं को छोड़कर अन्य सभी कक्षाओं को शामिल किया गया और विशेष रूप से आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को प्राथमिकता दी गयी।

शुक्रवार को गुमला और पालकोट की 40-40 छात्राओं ने इन शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया। नवरत्नगढ़ सिसई के ऐतिहासिक किले पर शिक्षिकाओं ने छात्राओं को इसके गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। रागी प्रोसेसिंग यूनिट में जयसिंह बारला ने रागी के महत्व और इसकी प्रोसेसिंग प्रक्रिया की जानकारी साझा की। गुमला पॉलिटेक्निक में प्राचार्य डॉ. शीबा नारायण साहू और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, अजीत कुमार शुक्ल, राकेश कुमार, और बुबई पॉल शुक्ला ने छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व और संस्थान की विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्राएं अत्यंत प्रसन्न दिखाई दीं। उन्होंने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण उनके लिए नववर्ष का तोहफा है। छात्राओं ने कहा कि इस भ्रमण से मिली जानकारी उनके भविष्य को दिशा देने में सहायक होगी।

